# Rajasthan Gk Previous Questions - 14

**परिक्षापयोगी : जेल प्रहरी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, पशुधन सहायक, REET 2025**

## अध्याय-3 आधुनिक राजस्थान का निर्माण

☛ **किस वायसराय के आदेश के उपरांत राजस्थान एकीकरण की सुगबुगाहट शुरू हुई ?**

(1) लार्ड विलियम बैंटिक (2) लार्ड हॉवर्ड
(3) लार्ड लिनलिथगो (4) लार्ड डलहौजी (3)

**व्याख्या**–रियासतों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए 'रियासती विभाग' की स्थापना 5 जुलाई, 1947 को की गई।

- राजस्थान एकीकरण की सुगबुगाहट सन् 1939 में लार्ड लिनलिथगो के आदेश से प्रारंभ हुई।

☛ **जनजाग्रति एवं एकीकरण की प्रक्रिया को किसने आगे बढ़ाया?**

(1) अखिल भारतीय देशी परिषद
(2) प्रजामंडल आंदोलन ने
(3) दोनों ने
(4) इनमें से कोई नहीं (3)

☛ **मत्स्य संघ के राजप्रमुख कौन थे?**

(1) उदयभान सिंह (2) शोभाराम कुमावत
(3) वी.एन. गाडगिल (4) मानसिंह (1)

**व्याख्या**–धौलपुर के महाराजा उदयभान सिंह को राजप्रमुख व शोभाराम कुमावत को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया।

☛ **एकीकरण से पूर्व राजस्थान में कुल कितनी रियासतें थी?**

(1) 19 (2) 3
(3) 1 (4) 27 (1)

**व्याख्या**–राजस्थान में एकीकरण से पहले 19 रियासतें व 3 ठिकाने व एक केन्द्र शासित प्रदेश था।

- **19 रियासतें**–जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, बीकानेर, बूँदी, कोटा, भरतपुर, धौलपुर, अलवर, डूँगरपुर, प्रतापगढ़, बाँसवाड़ा, झालावाड़, करौली, शाहपुरा, सिरोही, टोंक, जैसलमेर व किशनगढ़ थी।
- **3 ठिकाने**–कुशलगढ़, नीमराणा व लावा
  अजमेर-मेरवाड़ा केन्द्र शासित प्रदेश था।
- राजस्थान की रियासतों में सबसे पुरानी रियासत मेवाड़, जबकि सबसे नवीन रियासत झालावाड़ थी।
- राजस्थान में एकमात्र मुस्लिम रियासत–टोंक थी।

☛ **एकीकरण का प्रथम प्रयास कोटा रियासत के किस शासक ने किया–**

(1) कोटा का भीमसिंह
(2) जयपुर का मानसिंह
(3) जयपुर के हीरालाल शास्त्री
(4) जोधपुर का जयनारायण व्यास (1)

**व्याख्या**–एकीकरण का प्रथम प्रयास कोटा रियासत के शासक महाराव भीमसिंह ने किया। कोटा के बाद महाराणा मेवाड़ ने 25 व 26 जून, 1946 को इसी प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए उदयपुर में राजस्थान, गुजरात व मालवा के कतिपय शासकों का एक सम्मेलन किया। इस सम्मेलन में 22 राजपूत शासकों ने भाग लिया।

☛ **राजस्थान एकीकरण की प्रक्रिया कितने चरणों में पूरी हुई?**

(1) 7 चरणों में (2) 19 चरणों में
(3) 3 चरणों में (4) 5 चरणों में (1)

**व्याख्या**–राजस्थान का एकीकरण सात चरणों में पूरा हुआ।

- राजस्थान एकीकरण की प्रक्रिया 18 मार्च, 1948 से शुरू हुई जो 1 नवम्बर, 1956 में पूरी हुई।
- राजस्थान के एकीकरण की प्रक्रिया में 8 वर्ष 7 माह 14 दिन लगे।

☛ **मत्स्य संघ का गठन कब हुआ?**

(1) 18 मार्च, 1948 (2) 25 मार्च, 1948
(3) 18 अप्रेल, 1948 (4) 15 मई, 1949 (1)

**व्याख्या**–राजस्थान एकीकरण के प्रथम चरण मत्स्य संघ का गठन 17-18 मार्च, 1948 को हुआ।

- मत्स्य संघ में अलवर, भरतपुर, धौलपुर व करौली रियासतें व नीमराणा ठिकाना शामिल थी।
- मत्स्य संघ की राजधानी अलवर थी।

☛ **संयुक्त राजस्थान का गठन कब हुआ?**

(1) 18 अप्रेल, 1948 (2) 25 मार्च, 1948
(3) 18 मार्च, 1948 (4) 1 नवम्बर, 1956 (1)

☛ **पूर्व राजस्थान/राजस्थान संघ का गठन कब हुआ?**

(1) 30 मार्च, 1949 (2) 18 अप्रेल, 1948
(3) 25 मार्च, 1948 (4) 17-18 मार्च, 1948 (3)

**व्याख्या**–राजस्थान एकीकरण के द्वितीय चरण पूर्व राजस्थान/राजस्थान संघ का गठन 25 मार्च, 1948 को दिया गया।

- **राजस्थान संघ के अंतर्गत बाँसवाड़ा**– कोटा, बूँदी, झालावाड़, टोंक, डूँगरपुर, प्रतापगढ़, किशनगढ़ व शाहपुरा रियासतें तथा कुशलगढ़ ठिकाना शामिल थे। कोटा को राजस्थान संघ की राजधानी बनाया गया।

☛ **पूर्वी राजस्थान/राजस्थान संघ के राजप्रमुख कौन थे?**

(1) महाराव भीमसिंह (कोटा)
(2) उदयभान सिंह (धौलपुर)
(3) भूपाल सिंह (मेवाड़)
(4) मानसिंह द्वितीय (जयपुर) (1)

**व्याख्या**–राजस्थान एकीकरण के द्वितीय चरण में कोटा के महाराव भीमसिंह को राजप्रमुख व गोकुल लाल असावा को प्रधानमंत्री बनाया गया।

☛ **राजस्थान एकीकरण के तृतीय चरण संयुक्त राजस्थान के राजप्रमुख कौन थे?**

(1) कोटा के भीम सिंह
(2) मेवाड़ के भूपाल सिंह
(3) जयपुर के मानसिंह
(4) धौलपुर के उदयभान सिंह (2)

**व्याख्या**–संयुक्त राजस्थान में उदयपुर (मेवाड़) का विलय किया गया। मेवाड़ के भूपाल सिंह को राजप्रमुख व माणिक्यलाल वर्मा को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया।

- **उद्घाटनकर्ता**–पं. जवाहरलाल नेहरू

☛ **वृहद राजस्थान के प्रधानमंत्री कौन थे?**

(1) हीरालाल शास्त्री (2) भूपाल सिंह
(3) सरदार वल्लभ भाई पटेल (4) माणिक्यलाल वर्मा (1)

**व्याख्या**–वृहद राजस्थान का गठन राजस्थान एकीकरण के चतुर्थ चरण के तहत 30 मार्च, 1949 को हुआ।

- शामिल रियासतें–जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर
- राजप्रमुख–मानसिंह द्वितीय (जयपुर)
- प्रधानमंत्री–हीरालाल शास्त्री
- महाराज प्रमुख–महाराणा भूपाल सिंह (मेवाड़)
- उद्घाटनकर्ता–सरदार वल्लभाई पटेल
- न्याय का विभाग–जयपुर
- शिक्षा का विभाग–बीकानेर
- वन विभाग–कोटा
- कृषि विभाग–भरतपुर
- खनिज विभाग–उदयपुर

## परीक्षा दृष्टि

★ 'राजस्थान' नामकरण किसने अपनी प्रसिद्ध कृति में किया? **– कर्नल जेम्स टॉड**

★ मत्स्य संघ का प्रथम राजप्रमुख किस रियासत का शासक बना? **– धौलपुर**

★ अजमेर का राजस्थान में विलय हुआ था– **1956 ई. में**

★ राजस्थान सेवा संघ के संस्थापक थे– **– विजयसिंह पथिक, रामनारायण चौधरी और हरिभाई किंकर**

★ वर्तमान राजस्थान निर्माण की प्रक्रिया पूर्ण हुई **– 1 नवम्बर 1956**

★ राजस्थान में राजप्रमुख का पद कब समाप्त किया गया– **– 1 नवम्बर, 1956 ई.**

★ अजमेर-मेरवाड़ा के विलय के साथ राजस्थान राज्य के एकीकरण की प्रक्रिया किस वर्ष पूर्ण हुई– **– 1956 ई.**

★ राजस्थान के एकीकरण का कार्य अंतिम रूप से कब सम्पन्न हुआ– **– 1 नवम्बर, 1956 ई.**

★ वृहद राजस्थान की राजधानी थी **– जयपुर**

★ मत्स्य संघ का राज्य प्रमुख किसे बनाया गया था– **महाराजा धौलपुर**

★ मत्स्य संघ का प्रशासन, राजस्थान को स्थानान्तरित करने का निर्णय लिया– **– 1949 में**

★ कितनी रियासतों एवं ठिकानों के एकीकरण से राजस्थान राज्य का निर्माण हुआ– **– 19 रियासतें एवं 3 ठिकाने**

★ वृहद राजस्थान के महाराज प्रमुख कौन नियुक्त किये गये– **– महाराणा भोपाल सिंह**

★ मत्स्य संघ का राजस्थान में कब विलय हुआ **– 15 मई, 1949**

★ राजस्थान संघ का निर्माण 25 मार्च 1948 को हुआ इसमें राजप्रमुख किसे बनाया गया– **– महाराव कोटा**

★ उदयपुर रियासत का राजस्थान संघ में विलय हुआ– **– 18 अप्रैल 1948 को**

☛ **असुमेलित युग्म को छाँटिए–**

| राज्य का नाम | गठन की तारीख |
|---|---|
| (1) वृहद राजस्थान | 30 मार्च, 1949 |
| (2) संयुक्त वृहद राजस्थान | 15 मई, 1949 |
| (3) वर्तमान राजस्थान | 1 नवम्बर, 1956 |
| (4) संयुक्त राजस्थान | 18 मार्च, 1948 |

(4)

**व्याख्या**–संयुक्त राजस्थान का गठन 18 अप्रेल, 1948 को हुआ।

☛ **राजस्थान का स्थापना दिवस मनाया जाता है?**

(1) 1 नवम्बर
(2) 30 मार्च
(3) 18 मार्च
(4) 26 जनवरी (2)

☛ **मत्स्य संघ का नीमराणा ठिकाना सहित विलय किस चरण में हुआ?**

(1) संयुक्त वृहत राजस्थान (2) वृहद राजस्थान
(3) संयुक्त राजस्थान (4) पूर्व राजस्थान (1)

**व्याख्या**–राजस्थान एकीकरण के पंचम चरण संयुक्त वृहद् राजस्थान का गठन 15 मई, 1949 को हुआ।

- वृहद् राजस्थान में मत्स्य संघ का नीमराणा ठिकाना सहित विलय कर संयुक्त वृहद् राजस्थान का निर्माण किया गया।
- डॉ. शकंर राव देव समिति की सिफारिश पर मत्स्य संघ को मिलाया।

☛ **आबू व देलवाड़ा को छोड़कर सिरोही का विलय राजस्थान एकीकरण के किस चरण में हुआ–**

(1) प्रथम चरण (2) तृतीय चरण
(3) पंचम चरण (4) षष्ठम चरण (4)

**व्याख्या**–राजस्थान एकीकरण के षष्ठम चरण में राजस्थान का गठन 26 जनवरी, 1950 को हुआ।

- इसमें सिरोही (देलवाड़ा व आबू क्षेत्र को छोड़कर) का विलय किया गया।

☛ **राजस्थान एकीकरण का प्रथम चरण का गठन 18 मार्च 1948 को हुआ। इसका नामकरण 'मत्स्य संघ' रखने का सुझाव किसने दिया?**

(1) के.एम. मुंशी (2) एन.वी. गाडगिल
(3) शोभाराम कुमावत (4) हीरालाल शास्त्री (1)

☛ **भारत सरकार के किन मानदंडों के अनुसार रियासतें अपना अलग अस्तित्व रख सकती थी?**

(1) 2 करोड़ रुपये वार्षिक आय और 10 लाख जनसंख्या
(2) 1 करोड़ रुपये वार्षिक आय और 10 लाख जनसंख्या
(3) 51 लाख रुपये वार्षिक आय और 20 लाख जनसंख्या
(4) 2 करोड़ रुपये वार्षिक आय और 20 लाख जनसंख्या (2)

**व्याख्या**–भारत सरकार के रियासती विभाग के निर्णयानुसार स्वतंत्र भारत में वे ही रियासतें अपना पृथक अस्तित्व रख सकती थी। जिनकी न्यूनतम आय 1 करोड़ रुपये वार्षिक और जनसंख्या 10 लाख या उससे अधिक हो।

- राजस्थान में केवल जयपुर, जोधपुर, बीकानेर व उदयपुर रियासतें ही अपना पृथक अस्तित्व रख सकती थी।

☛ **संयुक्त राजस्थान की राजधानी कहाँ थी?**

(1) अलवर (2) कोटा
(3) उदयपुर (4) जयपुर (3)

☛ **राजस्थान में आंबू-देलवाड़ा व अजमेर-मेरवाड़ा का विलय कब हुआ ?**

(1) 1 नवम्बर, 1956 (2) 26 जनवरी, 1950
(3) 25 मार्च, 1948 (4) 18 मार्च, 1948 (1)

**व्याख्या**–सिरोही की आबू देलवाड़ा तहसीलों, मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले की मानपुरा तहसील के सुनेलटप्पा व अजमेर मेरवाड़ा क्षेत्र को 1 नवम्बर, 1956 को राजस्थान में मिलाया गया।

☛ **राजस्थान एकीकरण चरण का नाम व उनके राजप्रमुख के संबंध में कौनसा युग्म असंगत है-**

(1) मत्स्य संघ – उदयभान सिंह (धौलपुर)
(2) राजस्थान संघ – भीमसिंह (कोटा)
(3) संयुक्त राजस्थान – भूपालसिंह (मेवाड़)
(4) वृहद राजस्थान – जयसिंह द्वितीय (जयपुर) (4)

**नोट**–*वृहद राजस्थान के राजप्रमुख मानसिंह द्वितीय थे।*

☛ **राजस्थान एकीकरण के विभिन्न चरणों की राजधानियों के संबंध में निम्न में से कौनसा युग्म असंगत है**

(1) मत्स्य संघ – अलवर
(2) राजस्थान संघ – कोटा
(3) संयुक्त राजस्थान – धौलपुर
(4) वृहद राजस्थान – जयपुर (3)

**नोट**–*संयुक्त राजस्थान राजधानी उदयपुर थी।*

☛ **आबू देलवाड़ा तहसील को राजस्थान में किसकी सिफारिश पर मिलाया गया?**

(1) के.एम. मुंशी (2) एन.वी. गाडगिल
(3) फजल अली (4) पी. सत्यनारायण राव (4)

☛ **संयुक्त वृहद राजस्थान में कौनसा क्षेत्र शामिल नहीं था?**

(1) कोटा (2) जोधपुर
(3) किशनगढ़ (4) अजमेर-मेरवाड़ा (4)

☛ **निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए–**

| **संघ** | **प्रधानमंत्री** |
|---|---|
| A. मत्स्य संघ | 1. गोकुललाल असावा |
| B. राजस्थान संघ | 2. शोभाराम कुमावत |
| C. संयुक्त राजस्थान | 3. हीरालाल शास्त्री |
| D. वृहत राजस्थान | 4. माणिक्यलाल वर्मा |

| कूट | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (2) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (3) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (4) | 3 | 4 | 1 | 2 |

(3)

## परीक्षा दृष्टि

★ राजस्थान की प्रथम लोकप्रिय सरकार का गठन किसके नेतृत्व में किया गया– – हीरालाल शास्त्री

★ राजस्थान के प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री कौन थे– – टीकाराम पालीवाल

★ मत्स्य संघ का उद्घाटन हुआ– – 18 मार्च, 1948 ई.

★ राजस्थान के किन शहरों में हाल में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू की गई– – जयपुर, जोधपुर

★ सिरोही का राजस्थान में विलय कब हुआ– 26 जनवरी, 1950 में

★ मत्स्य संघ की राजधानी थी– – अलवर

★ 26 जनवरी, 1950 को संयुक्त विशाल राजस्थान का नाम संघ रखा गया, इसमें किस रियासत का विलय हुआ– – सिरोही

★ अजमेर-मेरवाड़ा से संविधान सभा के सदस्य थे– – मुकुट बिहारी भार्गव

★ सिरोही का राजस्थान संघ में विलय किने चरणों में पूर्ण हुआ– – दो

★ राजस्थान के एकीकरण का श्रेय जाता है– – सरदार वल्लभ भाई पटेल को

★ टोंक मुस्लिम रियासत का संस्थापक था – अमीर खाँ पिंडारी

★ राजस्थान के एकीकरण के तहत सबसे अंतिम समय में सम्मिलित होने वाला क्षेत्र था– – अजमेर-मेरवाड़ा

★ मेवाड़ के महाराणा भूपालसिंह किस वर्ष में राजस्थान के महाराज प्रमुख बने– – 1949 ई. में

★ 1947 से पूर्व राजस्थान की प्रत्येक रियासत में संवैधानिक सुधार का उत्तरदायी सरकार बनाने की दिशा में कुछ कदम उठाये गये, सिवाय एक रियासत को छोड़कर उसका नाम है– – जैसलमेर

★ राजस्थान के वे कौनसे चार राज्य हैं, जिन्होंने मिलकर (संयुक्त होकर) मत्स्य संघ का निर्माण किया– – अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली

★ 1949 ई. में वृहद् राजस्थान का प्रधानमंत्री किसे बनाया गया था– – हीरालाल शास्त्री

**☛ 30 मार्च, 1949 को संयुक्त राजस्थान में चार बड़ी रियासतों के विलिनीकरण के बाद वृहत राजस्थान का गठन हुआ। ये रियासतें कौनसी थी?**

(1) जयपुर, उदयपुर, बीकानेर, जोधपुर

(2) जयपुर, जोधपुर, कोटा, बीकानेर

(3) जयपुर, बीकानेर, जैसलमेर, उदयपुर

(4) जोधपुर, बीकानेर, जयपुर, जैसलमेर

**☛ राजस्थान की सभी रियासतों को मिलाकर 'राजस्थान यूनियन' का गठन करने हेतु 25-26 जून, 1946 को राजपूताना, गुजरात व मालवा के नरेशों का सम्मेलन किसने बुलाया था?**

(1) मेवाड़ महाराणा ने

(2) जयपुर महाराजा ने

(3) कोटा महाराव ने

(4) जोधपुर महाराजा ने (1)

**☛ 18 अप्रेल, 1948 को गठित 'संयुक्त राजस्थान' का उद्घाटन किसने किया?**

(1) माणिक्यलाल वर्मा

(2) जवाहरलाल नेहरू

(3) महाराणा भूपाल सिंह

(4) सरदार वल्लभ भाई पटेल (2)

**☛ राजस्थान के झालावाड़ जिले का सिरोंज क्षेत्र मध्यप्रदेश में कब मिलाया गया?**

(1) 26 जनवरी, 1950

(2) 15 मई, 1949

(3) 18 अप्रेल, 1948

(4) 1 नवम्बर, 1956 (4)

---

**व्याख्या**–1 नवम्बर, 1956 को राजप्रमुख का पद् समाप्त करके राज्यपाल का पद सृजित किया गया। सिरोही व अजमेर रियासतों का विलय राजस्थान में 2 चरणों में हुआ।

---

**☛ मत्स्य संघ का उद्घाटन किसके द्वारा किया गया?**

(1) पं. जवाहरलाल नेहरू

(2) एन.वी. गाडगिल

(3) सरदार वल्लभभाई पटेल

(4) के.एम. मुंशी (2)

---

**व्याख्या**–मत्स्य संघ का उद्घाटन 18 मार्च, 1948 ई. में लोहागढ़ दुर्ग (भरतपुर) में नरहरि विष्णु गाडगिल ने किया।

- मत्स्य संघ की वार्षिक आय 1.84 करोड़ थी।
- मत्स्य संघ का धौलपुर राज्य जनता के बहुमत के आधार पर उत्तरप्रदेश में विलीनीकरण के लिए तैयार था।

**राजस्थान की हर प्रतियोगी परीक्षा हेतु उपयोगी**

❖ **राजस्थान सामान्य ज्ञान के नोट्स डाउनलोड करने के लिए नीचे दिए गए इमेज पर क्लिक करें --**

❖ **राजस्थान की विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के लिए अति महत्वपूर्ण नोट्स Free डाउनलोड :-**

❖ **राजस्थान कला एवं संस्कृति, भूगोल, इतिहास सभी के नोट्स Free डाउनलोड करने का एकमात्र Google वेबसाइट :- *Rajasthanclasses.in***



Rajasthanclasses.in
हर भर्ती की न्यूज सबसे पहले..
यहां उपलब्ध रहेगी
Latest News : Get Link

अन्य किसी भी प्रकार की PDF's के लिए
गूगल सर्च करें या क्लिक करें
Google
rajasthanclasses.in

Telegram
चैनल
ज्वॉइन करें

YouTube पर
ऑनलाइन क्लासेज भी देखें

हिंदी व्याकरण GK
महत्वपूर्ण प्रश्नों की PDF
PDF : Get Link

भारत सामान्य ज्ञान
महत्वपूर्ण प्रश्नों की PDF
PDF : Get Link

विज्ञान सामान्य ज्ञान
महत्वपूर्ण प्रश्नों की PDF
PDF : Get Link

राजस्थान GK 2025
महत्वपूर्ण प्रश्नों की PDF
PDF : Get Link

राजस्थान GK 2025
नोट्स PDF ....
PDF : Get Link

Click Here : Get More PDF